राजस्थान पत्रिका

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

राजस्थान पत्रिका patrika.com
झुंझुनूं, बुधवार, 20 सितंबर, 2023

झुंझुनूं पत्रिका

नवलगढ़ . चिड़ावा . खेतड़ी . उदयपुरवाटी . बुहाना . बिसाऊ . बगड़ . सूरजगढ़ . मलसीसर . पिलानी

संभागीय आयुक्त बोले : सरकारी स्कूलों का स्तर सुधारो, आठवीं के बच्चों को गिनती नहीं आ रही

माय सिटी MY CITY | 12 | राजस्थान पत्रिका
झुंझुनूं, बुधवार, 20 सितम्बर, 2023

पढ़ें ज्यादा खबर, देखें फोटो/वीडियो
#Readers Connect jhunjhunu News
patrika.com/jhunjhunu-news

इन आइकन से जुड़ी सामग्री क्यूआर कोड स्कैन कर पढ़ें, देखें, सुनें
क्यूआर कोड मोबाइल से करें स्कैन | खबरें | समस्याएं | सुझाव | फोटो | वीडियो | पॉडकास्ट

सीरी का 71वां स्थापना दिवस कल

पिलानी. कस्बे में स्थित राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला सीएसआईआर- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी) का गुरुवार को 71वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सीएसआईआर-हिमालय जैव संपदा संस्थान (आईएचबीटी) पालमपुर के पूर्व निदेशक डॉ संजय कुमार मुख्य अतिथि होंगे तथा राकेश कुमार चोपड़ा प्रबंध निदेशक, राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेन्टेशन लि. (आरईआईएल) जयपुर विशिष्ट अतिथि होंगे। समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा स्थापना दिवस संबोधन दिया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया करेंगे। डॉ. पी सी पंचारिया द्वारा संस्थान की उपलब्धियों, वर्तमान शोध गतिविधियों एवं भावी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी।